प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 08.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत रेलगाडियां भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव रख रही हैं। हर भारतीय को वंदे भारत ट्रेन पर गर्व है। श्री मोदी ने आज वाराणसी रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये रेलगाडियां भारतीयों के लिए, भारतीयों द्वारा बनाई गई है। श्री मोदी ने कहा कि दुनिया भर के विकसित देशों में बुनियादी ढांचे के विकास में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज भारत भी विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने बनारस–खजुराहो, लखनऊ–सहारनपुर, फिरोजपुर–दिल्ली और एर्नाकुलम–बेंगलुरु के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेनों को रवाना किया। इसके साथ ही अब देश में वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढकर 160 से अधिक हो गई है।

....

प्रदेश में आने वाले समय में 11 हजार मेगावाट से अधिक क्षमता की सौर परियोजनाएं स्थापित की जायेगी। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत अगले साल तक ये सौर परियोजनाएं स्थापित की जायेगी। इससे राजस्थान विद्युत आत्मनिर्भरता की ओर बढेगा। इसके साथ ही देश के सौर ऊर्जा हब के रूप में अपनी पहचान मजबूत करेगा। इनसे किसानों को दिन के समय बिजली की सुविधा सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढेगी। बिजली विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 33 केवी के 63 नए सब स्टेशन स्थापित किये जायेंगे। इससे विद्युत वितरण तंत्र को बेहतर बनाया जा सकेगा।

....

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने आज बूंदी महोत्सव का शुभारम्भ किया। गढ पैलेस पर झंडा रोहण के साथ इस महोत्सव का आगाज हुआ। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें पारम्परिक वेशभुषा में सजे लोक कलाकारों की सुंदर झलक नजर आई। तीन दिन के इस उत्सव के उद्घाटन के अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि छोटी काशी के नाम से विख्यात बूंदी में पर्यटन को बढावा देने के लिए कई काम किये जा रहे है। आने वाले समय में बूंदी की बावडियों को लेकर विकास कार्य करवाया जायेगा। श्री बिरला ने कहा कि रामगढ विषधारी टाईगर रिजर्व के विकास के लिए भी कई पहल की जायेगी।

.....

....

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ सौ साल पूरा होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण नगरी जैसलमेर में भी जिलास्तरीय कार्यक्रम रखा गया। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि वंदे मातरम हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। ये गीत हम सभी में उद्भुत ऊर्जा का संचार करता है। उधर कोटपूतली मे हुए जिलास्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह और जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद बडी संख्या में मौजूद विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लिये वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। इससे समूचे माहोल में देशभक्ति और जोश का संचार हो गया। उधर सवाईमाधोपुर में इंदिरा मैदान पर वंदे मातरम कार्यक्रम रखा गया। शहीदों को पुष्पंजलि अर्पित कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

....

भरतपुर के खेरली मोड के पथेना में एक सड़क हादसे में आज दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हादसा मोटरसाईकिल और स्कूटर के बीच टक्कर से हुआ, जिसमें दोनो वाहन चालकों की मृत्यु हो गई। उधर श्रीगंगानगर के श्रीकेसरीसिंहपुर क्षेत्र के रामगढ संघर गांव में एक सड़क दुर्घटना में दो मोटरसाईकिल सवार युवको की मौके पर ही मृत्यु हो गई, वहीं दो अन्य घायल हो गए।

....

उत्तर भारत के पर्वतीय राज्यों में हुई बर्फबारी का असर राज्यों में दिखने लगा है। इसके असर से चल रही हवाओं से पिछले दो तीन दिनों में प्रदेश में तापमान में 10 डिग्री सैल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज सीकर में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सैल्सियस रहा।

दौसा, सिरोही, अजमेर, अलवर सहित कुछ स्थानों पर रात का तापमान 9 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया। राज्य में अगले एक सप्ताह तक मौसम साफ रहने की संभावना है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने के आसार नहीं है।

....